



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**फरवरी-2020**


**अन्दर के पृष्ठों पर........**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


### श्री हितेश चन्द्र अवस्थी को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का पदभार

- दिनांक 31.01.2020 : श्री हितेश चन्द्र अवस्थी, पुलिस महानिदेशक ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. का पदभार ग्रहण किया। श्री अवस्थी ने पुलिस का आमजन के साथ अच्छा व्यवहार, पुलिस में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी की संस्कृति, प्रशिक्षण, यातायात व्यवस्था, महिला एवं बाल अपराधों पर नियंत्रण, साइबर अपराध, बीट व्यवस्था, स्मार्ट पुलिसिंग, इत्यादि को प्राथमिकताओं में शामिल किया है।



दिनांक 30.06.1961 को लखनऊ में जन्मे श्री अवस्थी वर्ष 1985 बैच में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। श्री अवस्थी बतौर एएसपी (शाहजहाँपुर व लखनऊ); एसपी, नगर (आगरा), एसपी/एसएसपी (टेहरी गढ़वाल, हरिद्वार, एस.ई.बी., सी.बी.आई., नई दिल्ली); डीआईजी (विशेष सचिव (गृह), विदेश प्रशिक्षण, आजमगढ़, फूड सेल, आगरा, अभिसूचना, एन.सी.आर.बी.); आईजी (सी.बी.आई.); एडीजी (अपराध) तथा डीजी (दूरसंचार, होमगार्ड्स, ए.सी.ओ., ई.ओ.डब्ल्यू., सतर्कता) में नियुक्त रहे। श्री अवस्थी सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक, विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति के पुलिस पदक, इत्यादि से अलंकृत किये गये हैं।

### श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. सेवानिवृत्त

- दिनांक 31.01.2020 : श्री ओ.पी. सिंह दिनांक 23.01.2018 से पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पद पर कार्यरत रहते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31.01.2020 को लगभग 37 वर्ष की पुलिस सेवा के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। श्री सिंह के सम्मान में पुलिस लाइन्स, लखनऊ में भव्य रैतिक परेड आयोजित की गयी। श्री सिंह ने भावपूर्ण बिदाई तथा सेवा अवधि में सहयोग हेतु सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

दिनांक 02.01.1960 को गया, बिहार में जन्मे श्री सिंह वर्ष 1983 बैच में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित होकर बतौर एएसपी (मुरादाबाद व वाराणसी); एसपी, नगर (अलीगढ़ व इलाहाबाद); एसएसपी (बुलन्दशहर, लखनऊ, इलाहाबाद, मुरादाबाद व पी.ए.सी.); डीआईजी (भ्रष्टाचार निवारण संगठन, आजमगढ़, मुरादाबाद, अभिसूचना व सी.आर.पी.एफ.), आईजी (ए.टी.सी., सीतापुर व पी.टी.सी., मेरठ); एडीजी (पी.टी.एस, विशेष जाँच, अभिसूचना, मेरठ ज़ोन, सुरक्षा, दूरसंचार, सी.आई.एस.एफ.) तथा डीजी (एन.डी.आर.एफ.व सी.आई.एस.एफ., नई दिल्ली) में नियुक्त रहे। श्री सिंह ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के 2 वर्ष से अधिक सेवा काल में भर्तियाँ, प्रशिक्षण, तकनीकी उन्नयन, आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था, कमिश्नर प्रणाली, कल्याण, इत्यादि विषयों पर ऐतिहासिक उपलब्धियाँ अर्जित कीं। श्री सिंह वीरता के पुलिस पदक, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पदक, आसाधारण योगदान पुरस्कार, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, कुम्भ सेवा पदक, Best Electoral Practices Award आदि से अलंकृत किये गये।



### पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह (गणतन्त्र दिवस-2020)



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बद्री प्रसाद चतुर्वेदी, उत्कृष्ट



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम बालक वर्मा, सराहनीय



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अरूण कुमार राय, सराहनीय



रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिवानन्द प्रसाद सराहनीय



प्र.परि., श्री पवन कुमार, सराहनीय



प्र.परि., राकेश कुमार, सराहनीय



प्र.परि., हरी बाबू, सराहनीय

## पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश का प्रशंसा चिन्ह (गणतन्त्र दिवस-2020)



श्री सत्य प्रकाश सिंह,
उपमहानिरीक्षक (पु.दू.), प्लेटिनम



श्री शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी,
रेडियो निरीक्षक, प्लेटिनम



श्रीमती सुनीता शर्मा,
उपमहानिरीक्षक (पु.दू.), गोल्ड



श्री विनोद कुमार दीक्षित,
प्रधान परिचालक, गोल्ड



श्री संजय कुमार कनौजिया,
सहायक रेडियो अधिकारी, सिल्वर



श्री अशोक कुमार दीक्षित,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर



श्री प्रदीप कुमार अवस्थी,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर



श्री बालेन्द्र भूषण सिंह,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर



श्री रवीन्द्र चौहान,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर



श्री लईक अहमद,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर




श्री लखपत,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर



श्री रवीन्द्र नायर जी,
रेडियो उपनिरीक्षक, सिल्वर

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभागीय वार्षिक दक्षता प्रतियोगिता-2019 के विजेता

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सी0डब्लू0 | | | रेडियो टेलीफोनी | | |
|  | | |  | | |
| रे.उ.नि., प्रदीप कुमार सिंह, प्रथम | प्र.परि./3826, बी.पी. सिंह, द्वितीय | प्र.परि./3405, ओमकार सिंह, तृतीय | प्र.परि.यॉ./3663, जगवेश कुमार, प्रथम | प्र.परि.यॉ./3459, शत्रुघ्न सिंह, द्वितीय | प्र.परि./5296, प्रीति चौधरी, तृतीय |
| साईफर | | | कम्प्यूटर | | |
|  | | |  | | |
| प्र.परि./3633, शशिकान्त शुक्ला, प्रथम | प्र.परि./3650, एस.के. मिश्र, द्वितीय | प्र.परि./3769, डी.एन. केन, तृतीय | प्र.परि./5544, ए.के. सिंह, प्रथम | प्र.परि.यॉ./1049, ए.के. सोनकर, द्वितीय | प्र.परि./501, गोपेन्द्र कुमार, तृतीय |
| अनुरक्षण कार्य | | | स्टोर कीपिंग/ऑफिस मैनेजमेण्ट | | |
|  | | |  | | |
| प्र.परि.यॉ./3704, गोपाल जी वर्मा, प्रथम | प्र.परि.यॉ./3944, आर.एस. कुशवाहा, द्वितीय | प्र.परि.यॉ./4207, आर.के. सिंह, तृतीय | प्र.परि./5187, बबिता सिंह, प्रथम | प्र.परि./3967, प्रदीप कुमार | प्र.परि.यॉ./3924, हल्के राम, तृतीय |

| पुलिस रेडियो मेल | | | आर0ओ0आई0पी0 | | |
|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |
| प्र.परि./5120, ज्योत्सना तिवारी, प्रथम | प्र.परि./5814, दीपक, द्वितीय | प्र.परि./4127, जय शंकर, तृतीय | प्र.परि./5745, ए.के. पटेल, प्रथम | प्र.परि./5335, सी.बी.एस. कुंतल, द्वितीय | प्र.परि.यॉ./941, संतोष कुमार, तृतीय |

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राष्ट्रपति, ब्राज़ील | |
| 27.01.2020 | आगरा |
| मा0 राज्य पाल, उ0प्र0 | |
| 23.01.2020 | कुशीनगर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 | |
| 29.01.2020 | मिर्जापुर |
| 27.01.2020 | बरेली |
| 23.01.2020 | आगरा |
| 18.01.2020 | वाराणसी |

- दिनांक 25.12.2019: कण्ट्रोल रुम, अमरोहा में प्रातः 0818 बजे कण्ट्रोल रुम, हापुड़ से सूचना प्राप्त हुई कि एक रोडवेज बस नं0: यूपी 3019, ज़िस पर सुहानी सेवा लिखा है, दिल्ली से मुरादाबाद के लिए चली थी। एक यात्री की उक्त बस गढ़, जनपद हापुड़ में छूट गयी है। यात्री के नीले रंग का बैग, जो बस में रह गया है, उसमें रु0 3,00,000.00 हैं। बस जनपद मुरादाबाद की तरफ रवाना हुई है। सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत प्रधान परिचालक/ 12, मो0 गफ्फार अन्सारी एवं सहायक परिचालक/5588, हेमराज सिंह ने तत्काल सर्वसम्बन्धित को सूचित कर बस को रुकवाकर उक्त बैग को रुपयों सहित प्राप्त कर यात्री को हस्तगत कराया।
- दिनांक 18.12.2019: मुरादाबाद में आर0ओ0आई0पी0 केन्द्र पर 10 वर्ष की लड़की के तालाब में गिरने की सूचना प्राप्त होने पर ड्यूटीरत रेडियो उपनिरीक्षक, बाल मुकुन्द शुक्ला द्वारा सम्बन्धित पीआरवी को तत्काल फोन/आरटी सेट से त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु अवगत कराते हुए लड़की को सकुशल तालाब से बाहर निकाल कर परिवारजनों के सुपुर्द कराया।

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 एवं पुलिस मुख्यालय, प्रयागराज एवं अन्य मुख्यालयों के आदेश/निर्देश

- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–आठ–94(03)2020 दिनांक 16.01.2020 द्वारा प्रदेश में पुलिस आयुक्त प्रणाली के क्रियान्वयन (लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर) के सम्बन्ध में निर्गत अधिसूचनाओं से अवगत होते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने एवं कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने के निर्देश देते हुए जनपद लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर के राजपत्रित अधिकारियों की व्यवस्था की गई है एवं प्रदेश में उपरोक्त व्यवस्था प्रथम बार लागू किये जाने पर व्यवस्था में शामिल शहरों का शान्ति व कानून–व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला अपराध नियंत्रण व यातायात प्रबन्धन आदि पर प्रत्येक 06 माह में समीक्षा किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया है।
- मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र संख्याः डीजी–तीन–निर्देश/2020 दिनांक 14.01.2020 द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ एवं गौतमबुद्धनगर में पुलिस आयुक्त प्रणाली के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में शासन से निर्गत शासनादेश संख्याः 7/2020/53पी/छः–पु–6–2020 –01विविध/2020 दिनांक 13.01.2020 की प्रति उ0प्र0 शासन की वेबसाइट http://shasanadesh.up.nic.in पर विभाग के कॉलम में "गृह विभाग" का चयन कर अनुभाग के कॉलम में "गृह (पुलिस) अनुभाग–6" के चयन के उपरान्त नीचे प्रदर्शित होने वाले शासनादेशों की सूची से उक्त शासनादेश एवं अधिसूचना की प्रतियाँ डाउनलोड कर प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए अग्रेतर कार्यवाही की अपेक्षा की गयी है।
- उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ के पत्र संख्याः सीए–एडीजी–मु0–2020 दिनांक 03.01.2020 द्वारा पुलिस मुख्यालय के समस्त अनुभाग से किये जाने वाले समस्त पत्राचार दिनांक 16.01.2020 से अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय, पुलिस भवन (सिग्नेचर बिल्डिंग), टावर–प्रथम, 6, 7 व 8वॉ तल, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ के पते पर किये जाने तथा कण्ट्रोल रुम के टेलीफोन नम्बरः 0522–2724059, फैक्स नम्बरः 0522–2724060/2724061 तथा ई–मेलः phqald@gmail.com से सूचित किया है।

## रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश व ज्ञाप

- उप महानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–61/2019 दिनांक 15.01.2020 के माध्यम से उ0प्र0 प्रदेश शासन द्वारा विभागीय कार्मिकों के सेवा सम्बन्धी वादों का न्यायालय से बाहर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में समाधान कराये जाने के उद्देश्य से विभागीय विवाद समाधान फोरम का गठन किये जाने के क्रम में पुलिस रेडियो विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार उनके निस्तारण कराने की कार्यवाही सम्पादित कराये जाने एवं अभिलेखों का रख–रखाव किये जाने हेतु "विभागीय विवाद समाधान प्रकोष्ठ" का गठन किया गया है। सहायक रेडियो अधिकारी, कार्मिक/विधि प्रकोष्ठ उक्त प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी बनाये गये हैं।
- उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एआरओएम–397/2019 (तेलंगाना, हैदराबाद) दिनांक 06.01.2020 द्वारा तेलंगाना राज्य में माह जनवरी–फरवरी 2020 में Medaram Jathara पर्व एवं म्युनिसिपल चुनाव के दौरान सुदृढ़ संचार व्यवस्था हेतु वीएचएफ 150 अदद स्टैटिक/मोबाइल एनॉलॉग सेट, 100 अदद हैण्ड हैल्ड एनॉलॉग सेट एवं 10 अदद रिपीटर सेट मय एसेसरीज़ लोन बेस पर तेलंगाना राज्य को आवंटित किये गये हैं।

## कल्याणकारी कार्य

- पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में जनवरी–2020 में 394 कार्मिकों का उपचार किया गया।
- पुलिस रेडियो के चतुर्थ श्रेणी कार्मिक की पुत्री के विवाह में सिलाई मशीन उपहारस्वरुप भेंट की गयी।



## प्रादेशिक वार्षिक दक्षता प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान

- दिनांक 26.01.2020 : उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो की दो चरणों में आयोजित प्रादेशिक वार्षिक दक्षता प्रतियोगिताओं के अन्तिम चरण की वर्गवार 08 प्रतियोगिताओं (सी0डब्ल्यू0, रेडियो टेलीफोनी, साईफर, अनुरक्षण कार्य, स्टोर कीपिंग/ऑफिस मैनेजमेण्ट, पुलिस रेडियो मेल एवं आर0ओ0आई0पी0) में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अर्जित करने वाले कुल 24 कार्मिकों को क्रमशः रु0 5000.00, 4000.00 एवं 3000.00 के नकद पुरस्कार (कुल धराशि रु0 96,000.00) एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सार्वजनिक तौर पर रेडियो मुख्यालय पर गणतन्त्र दिवस पर सम्मानित किया गया।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से जनवरी 2020 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए निम्न 29 अधिकारियों/कर्मचारियों को सम्मान पत्र प्रदान करते हुए ससम्मान विदाई दी गयी–

1. सहायक रेडियो अधिकारी, श्री आनन्द शेवड़े, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री याद राम, आगरा, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश, सीतापुर, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विमल कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ध्रुव नारायण पाण्डेय, बस्ती, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव कुमार वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री देवेन्द्र दत्त कौशिक, मुज़फ्फरनगर, 9. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम आज्ञा यादव, सन्तकबीरनगर, 10. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुशील कुमार सिंह, बहराइच, 11. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री धरणीधर त्रिवेदी, चन्दौली, 12. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजकेश्वर त्रिपाठी, प्रतापगढ़, 13. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री विवेक मिश्रा, रेडियो मुख्यालय, 14. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री नजमुल हसन सिद्दीकी, रेडियो मुख्यालय, 15. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शमी अहमद, रेडियो मुख्यालय, 16. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राम कुमार दुबे, झाँसी, 17. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुरेश शर्मा, रेडियो मुख्यालय, 18. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव पाल सिंह, रेडियो मुख्यालय, 19. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सीता राम सिंह यादव, चन्दौली, 20. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री ओम प्रकाश मिश्र, गोरखपुर, 21. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री घनश्याम सिंह, प्रयागराज, 22. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार, बाँदा, 23. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सत्यदेव गुप्ता, 30वीं वाहिनी पीएसी, 24. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वीर सिंह सेंगर, 33वीं वाहिनी पीएसी, 25. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सुबोध कुमार, फिरोज़ाबाद, 26. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिवाकर नागपुरकर, ललितपुर, 27. प्रधान परिचालक/761, चन्द्र भान, मुरादाबाद, 28. प्रधान परिचालक यॉंत्रिक/4732, राजेन्द्र प्रसाद डोबरियाल, रेडियो मुख्यालय, एवं 29. प्रधान परिचालक/2691, चन्द्र वीर सिंह, सीतापुर





## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

- दिनांक 08.01.2019: श्री एस0पी0 सिंह, उपमहानिरीक्षक ने कानपुर एवं बरेली ज़ोन के अपर राज्य रेडियो अधिकारी/सहायक रेडियो अधिकारी/रेडियो निरीक्षक/रेडियो उप निरीक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में



दोनों ज़ोन के कार्यों की समीक्षा कर उच्चाधिकारियों के महत्वपूर्ण निर्देशों से अवगत कराया। दिनांक 10.12.2019 को सम्पन्न वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिये गये महत्वपूर्ण निर्देशों की समीक्षा की। कार्य सम्पादन में समस्या/कठिनाईयाँ /सुझाव, उत्साहवर्द्धन व कार्य में सुधार हेतु सुझाव, बजट के सदुपयोग, नये वर्ष में योजनाबद्ध ढंग से कार्य सम्पादन, नकारात्मक विचारधारा से दूर रहने, गुड वर्क या मौलिक कार्य को प्रोत्साहित करने आदि हेतु आवश्यक निर्देश दिये।

## विविध

- प्रशिक्षण का समापन : दिनांक 27.01.2020: उत्तर प्रदेश रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र में 4 माह अवधि के ग्रेड द्वितीय 96वॉं प्रशिक्षण कोर्स का समापन हुआ।
- उत्कृष्ट सेवा पदक : दिनांक 26.01.2020: गणतन्त्र दिवस–2020 के अवसर पर श्रीमती सुनीता शर्मा, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए मा. राष्ट्रपति, भारत सरकार का "उत्कृष्ट सेवा पदक" स्वीकृत किया गया है।
- सम्मान : मुज़फ्फरनगर में गणतंत्र दिवस परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन हेतु मुख्य अतिथि, मा0 राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, श्री कपिल देव अग्रवाल ने रेडियो निरीक्षक, श्री नेपाल सिंह सिरोही को सम्मानित किया।



## खबरों में



**काम के प्रति समर्पण ने दिलाया सम्मा...**

**महिला डीआइजी समेत छह को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक**

एडीजी सुनील कुमार गुप्ता

डीआइजी सुनीता शर्मा



**... को राष्ट्रपति का पुलिस पदक**

**प्रमोद व राम सिंह को मिलेगा सम्मान चिह्न**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजधानी में तैनात चार उपनिरीक्षकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान व सराहनी सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया जाएगा। डीजीपी मुख्यालय लखनऊ से जारी आदेश के मुताबिक हजरतगंज के हालीबाग चौकी प्रभारी प्रमोद सिंह को सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह, एएसपी ग्रामीण के वाचक राम सिंह, गुडंबा के संजय कुमार सिंह व तालकटोरा में तैनात एसआई सुरेश कुमार त्रिवेदी को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान किया जाएगा। वहीं लखनऊ रेडियो मुख्यालय में तैनात डीआईजी सत्य प्रकाश सिंह व शैलेंद्र कुमार सिंह को प्लेटिनम पदक, वरिष्ठ रेडियो अधिकारी राघवेंद्र कुमार द्विवेदी को गोल्ड पदक जबकि रेडियो मुख्यालय के दो अन्य कर्मियों राजेंद्र कुमार कन्नौजिया और संगीत कुमार को सिल्वर पदक मिलेगा। इसके अतिरिक्त डीजीपी मुख्यालय ने 245 अन्य पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा एवं सराहनीय सेवा के लिए सम्मान चिन्ह दिया है। इसमें उत्कृष्ट सेवा सम्मान के लिए 45 और सराहनीय सेवा सम्मान के लिए 200 पुलिस कर्मियों को चुना गया है।

**245 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट और सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न**

सत्य प्रकाश सिंह

राम सिंह

प्रमोद सिंह

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 KAPOORTHALA, LUCKNOW

प्रतियाँ – 300